समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# महेश बाबू–राजामौली की मेगा फिल्म पर बड़ा खुलासा : जाने कंब सिनेमाघरों मे आएगी SSMB29

Publisher Published on 15 Nov 2025




एसएस राजामौली और महेश बाबू की मेगा फिल्म **SSMB29** को लेकर फैन्स में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे महंगी फिल्मों में शामिल होने जा रही इस परियोजना का बजट लगभग **₹1188 करोड़** बताया जा रहा है। यही वजह है कि फिल्म की हर छोटी-बड़ी अपडेट सोशल मीडिया पर सुर्खियां बन रही है। अब फिल्म की रिलीज डेट को लेकर एक बड़ा दावा सामने आया है, जिसने दर्शकों की उम्मीदों को और बढ़ा दिया है।

फिल्म से जुड़ी रिपोर्ट्स के अनुसार, SSMB29 का आधिकारिक टाइटल **15 नवंबर 2025** को एक भव्य ग्लोबट्रॉटर इवेंट में जारी किया जाएगा। यह वही तारीख है जिस पर राजामौली लंबे समय से जोर दे रहे थे, क्योंकि वे फिल्म को वैश्विक बाजार में बड़े स्तर पर पेश करना चाहते हैं। महेश बाबू ने भी इस तारीख को लेकर इशारा किया है, जिससे उम्मीद है कि यह इवेंट काफी ऐतिहासिक होने वाला है।

इसी बीच लेट्स सिनेमा की एक रिपोर्ट ने दावा किया है कि फिल्म की **रिलीज डेट 25 मार्च 2027** निर्धारित की गई है। हालांकि अभी तक मेकर्स की ओर से इसकी किसी तरह की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन राजामौली की फिल्म निर्माण शैली को देखते हुए यह समय सीमा बहुत वास्तविक लगती है। राजामौली हर प्रोजेक्ट के लिए लंबा समय लेते हैं, ताकि विजुअल, एक्शन और स्केल पर कोई समझौता न हो। 'RRR' और 'बाहुबली' इसके सबसे बड़े उदाहरण हैं।

फिल्म में **महेश बाबू** ऐसे किरदार में नजर आएंगे, जिसको लेकर कहा जा रहा है कि यह उनके करियर का सबसे बड़ा और चुनौतीपूर्ण रोल होगा। वहीं **प्रियंका चोपड़ा** भी इस फिल्म में प्रमुख भूमिका में शामिल की गई हैं, जो फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान दिला सकती है। प्रियंका के हॉलीवुड अनुभव का असर फिल्म की ग्लोबल ब्रांडिंग पर पड़ने की उम्मीद है।

दिलचस्प बात यह है कि पिंकविला की एक रिपोर्ट में बताया गया कि मेकर्स ने शुरुआत में SSMB29 को **दो हिस्सों मे रिलीज**

करने की योजना बनाई थी। फिल्म का पैमाना इतना बड़ा है कि दो पार्ट बनाना स्वाभाविक लगता था। लेकिन बाद में टीम ने इस विचार पर पुनर्विचार किया और इसे **एक ही फिल्म** के रूप में बनाने का फैसला किया। कहा जा रहा है कि राजामौली एक बेहद दमदार और सघन कथा प्रस्तुत करना चाहते हैं, जिसे विभाजित करना कहानी की गहराई के साथ न्याय नहीं करता।

फिल्म की शूटिंग **2026 मे शुरू** करने की योजना है। इसके लिए टीम ने दुनिया के कई देशों में लोकेशन स्काउटिंग शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि फिल्म की लोकेशन जंगल, रेगिस्तान, पर्वत श्रृंखलाओं और कठिन इलाकों में होगी, जिससे इसे वास्तविकता और भव्यता दोनों मिलेगी। राजामौली की खासियत यही रही है कि वह कहानी को विजुअली इतना विशाल बना देते हैं कि दर्शक पूरी तरह फिल्म की दुनिया में खो जाते हैं।

उद्योग विशेषज्ञों की मानें तो SSMB29 भारतीय सिनेमा का चेहरा बदल सकती है। इसके बजट, तकनीक, विजुअल स्केल और स्टारकास्ट को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह फिल्म भारतीय फिल्म इतिहास की सबसे बड़ी और सबसे चर्चित परियोजना बन सकती है। हालांकि रिलीज में अभी काफी समय बाकी है, लेकिन फैन्स 2027 तक इंतजार करने के लिए तैयार हैं।

फिलहाल सभी की नजरें 15 नवंबर 2025 पर टिकी हैं, जब SSMB29 का टाइटल घोषित होगा और फिल्म की दिशा का एक बड़ा हिस्सा साफ हो जाएगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि राजामौली और महेश बाबू की यह झोली भारतीय सिनेमा को कितनी नई ऊंचाइयों तक लेकर जाती है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.